





डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 32 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 14 नवम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया


## शादी का झांसा देकर की धोखाधड़ी

**पिपलियामंडी, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शादी का झांसा देकर बाइक, नकदी व मोबाइल लेने के बाद दो लाख रुपए लेने की मांग करने के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन के खिलाफ केस दर्ज किया। रेवास देवडा निवासी रायसिंह बावरी ने पिपलियामंडी थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पिपलियामंडी निवासी रानू बावरी का मोबाइल पर कॉल आया कि तूम कुंवारे हो, रुपी निवासी मेरी विधवा बहन जशोदा (हाल मुकाम नीमच) से तुम्हारी शादी करवा दूंगी और मुझे जशोदा से मिलने के लिए बुलाया, इस दौरान बरखेड़ापंथ निवासी तुलसीराम बावरी भी था। पावागढ़ माताजी मंदिर पर बातचीत हुई, इस दौरान उन्होंने शादी कराने के लिए आधार कार्ड मांगा व बाइक, मोबाइल व 5 हजार रुपए नकदी भी ले लिए। दूसरे दिन आया तो तीनों ने बोला कि 2 लाख रुपए की व्यवस्था करो, तभी शादी करेंगे। मैंने मना कर दिया और मेरी बाइक, मोबाइल व दस्तावेज मांगे तो तीनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की, जिससे नाक, आंख पर चोंटे आई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधडी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया।

### मामला सप्ताह में एक दिन बेग लेस डे का...

# निजी स्कूलों के बच्चों के कंधे मजबूत..?

### इस साल भी निकला आदेश, निभाई जा रही केवल औपचारिकता

**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सरकार ने सप्ताह में एक दिन बेग लेस डे की घोषणा की है। जिसमें स्कूलों के बच्चे शनिवार को बिना बेग के जाएंगे। लेकिन, निजी स्कूल संचालक खुद ही सरकार बने हुए है। इधर सरकार हर बार आदेश निकालकर औपचारिकता निभा रही है। इस बीच बच्चों के कंधे से बस्ते का वजन कम नहीं हो रहा। इस बार भी शैक्षणिक सत्र से पहले शिक्षा विभाग ने स्कूली बच्चों के कंधों से बस्ते का बोझ कम करने के लिए फिर फरमान जारी किया। लेकिन, यह फरमान हर बार की तरह सिर्फ औपचारिकता ही बनकर रह गया। इसके अलावा केंद्र की इस संबंध में गाइड लाईन भी है। किन्तु, कान्हा के बस्ते का वजन बलराम से ज्यादा है। मतलब छोटे बच्चों के कंधों पर दसवीं-बारहवीं या कॉलेज के विद्यार्थियों से ज्यादा बोझ डाला जा रहा है। पहली और दूसरी कक्षा में ही बस्ते का वजन इतना बढ़ जाता है कि बच्चों की पीठ झुक जाती है। खास बात यह है कि सरकारी स्कूलों की तुलना में निजी स्कूलों के बस्तों का वजन अधिक है।

दरअसल शिक्षा के निजीकरण के इस दौर में बस्ते का बोझ हल्का करने की हर कवायद विफल हो रही है। यू केजी से लेकर हायर सेकंडरी तक की कक्षाओं के बच्चे भारी बस्ता उठाने को मजबूर है। छोटे-छोटे बच्चों के बड़े-बड़े भारी बस्तों ने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया है। बच्चों की इस तकलीफ को पालक भी महसूस करते हैं। पालकों की माने तो हर साल बच्चों के बेग का वजन एक से दो किलो तक बढ़ रहा है। हर साल बस्ते के वजन को कम करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किया जाता है। पर कुछ ही दिनों में यह अभियान ठप पड़ जाता है। शिक्षा विभाग के कुछ लोगों की बात माने तो बस्ते के बढ़ते वजन की जांच के लिए शिक्षा विभाग द्वारा टीम का गठन किया गया है। लेकिन, यह टीम कभी फील्ड में जाती ही नहीं है। यही वजह है कि प्राइवेट स्कूल मनमानी कर रहे हैं।



#### हर साल बढ़ता ही जा रहा है बोझ...

वर्तमान में स्कूल बेग का बढ़ता बोझ निरंतर चिंता का विषय बना हुआ है। भारी बेग की वजह से बच्चों के कंधों पर जरूरत से अधिक दबाव पड़ता है। इससे रीढ़ की हड्डी पर भी दबाव बढने लगा है। पालकों के अनुसार यू केजी के बच्चे के बैग का वजन 3.5 किलो तक होता है। जबकि, दूसरी क्लास तक पहुंचते-पहुंचते यह बढकर 5 किलो हो जाता है। पांचवीं में स्कूल बैग का वजन 7 से 8 किलो तक हो जाता है।

#### सरकारी स्कूल का बस्ता हल्का...

सरकारी स्कूल वाले बच्चों के बस्ते निजी स्कूल वालों के बस्ते से हल्के हैं। सरकारी स्कूलों में प्रारंभिक कक्षाओं में भाषा, गणित के अतिरिक्त एक या दो पुस्तकें हैं। लेकिन, निजी स्कूलों के बस्तों का भार बढ़ता ही जा रहा है। बच्चों की शिक्षण सामग्री में वृद्धि के पीछे व्यावसायिक दृष्टिकोण ही नजर आता है।

#### इतना होना चाहिए बस्ते का वजन..

शिक्षा विभाग के फरमान के अनुसार बच्चो के बस्तो का वजन इससे ज्यादा नहीं होना चाहिए।

| कक्षा | बस्ते का वजन |
|---|---|
| पहली | 1.6 से 2.2 किग्रा |
| दूसरी | 1.6 से 2.2 किग्रा |
| तीसरी | 1.7 से 2.5 किग्रा |
| चौथी | 1.7 से 2.5 किग्रा |
| पांचवीं | 1.7 से 2.5 किग्रा |
| छठवीं | 2.0 से 3.0 किग्रा |
| सातवीं | 2.0 से 3.0 किग्रा |
| आठवीं | 2.5 से 4.0 किग्रा |
| नौवीं | 2.5 से 4.5 किग्रा |
| दसवीं | 2.5 से 4.5 किग्रा |

#### इनका कहना...

कि यदि बच्चे के स्कूल बेग का वजन बच्चे के वजन से 10 प्रतिशत से अधिक होता है तो काइफोसिस होने की आशंका बढ़ जाती है। इससे सांस लेने की क्षमता प्रभावित होती है। भारी बेग के कंधे पर टांगने वाली पट्टी अगर पतली है तो कंधे की नसों पर असर पडता है। कंधे में हर समय दर्द बना रहता है। हड्डी के जोड़ों पर भी असर पडता है।

**डॉ. केएल राठौर**
**शिशु रोग विशेषज्ञ**

## अंगूठे और उंगलियों की लकीरें गायब

### अपडेट नहीं हो पा रहे आधार से मोबाइल, कैसे बनें आयुष्मान कार्ड ?

**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए कई स्थानो पर शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसमें बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड बनवाने में परेशानी हो रही है। इसकी वजह अधिकांश वरिष्ठ नागरिकों का मोबाइल नंबर आधार से लिंक नहीं होना है, जिसके कारण ओटीपी नहीं आ रहा। अब उन्हें आधार केंद्रों पर जाकर मोबाइल नंबर अपडेट कराना पड़ रहा है। कई वरिष्ठ नागरिकों के फिंगर प्रिंट मशीन स्कैन नहीं कर पा रही है। क्योंकि बढ़ती उम्र के चलते उनके हाथों की लकीरें ही गायब हो गई हैं। कई बुजुर्ग ऐसे भी हैं जो घर से अकेले सेंटर तक नहीं आ सकते हैं। ऐसे में उन्हें ज्यादा परेशानी हो रही है।

जिन बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड योजना में रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया समझ नहीं आ रही है, वे एमपी ऑनलाइन सेंटर जा रहे हैं। 72 वर्षीय धनगर दंपती ने बताया कि मोबाइल पर वे रजिस्ट्रेशन नहीं कर पा रहे थे, इसलिए एमपी ऑनलाइन सेंटर पर पहुंचे। यहां हमसे एक कार्ड का पचास रुपये शुल्क लिया गया। जबकि, यह प्रक्रिया निशुल्क है।

#### क्लेम मिलने में भी परेशानी...

72 वर्षीय लीलाबाई घुटने के ऑपरेशन के लिए एक निजी अस्पताल गई। यहां उनका ऑपरेशन तो कर दिया गया, परंतु बाद में बताया कि उनका फिंगर प्रिंट स्कैन न होने से क्लेम रिजेक्ट हो गया है। वहीं, 77 साल के पन्नालाल गायरी का भी घुटने के ऑपरेशन के बाद फिंगर प्रिंट मिलान न होने से इनका आयुष्मान क्लेम रिजेक्ट हो गया। आयुष्मान न होने से ऑपरेशन के लिए इम्प्लांट और दवा बाजार से लानी पड़ी।

#### नहीं आ रहा ओटीपी...

74 साल के रामलाल सिंधी के आधार से कोई और नंबर जुड़ा हुआ है। ऐसे में कर्मचारी ने उन्हें पहले नंबर अपडेट कराने का सुझाव देकर लौटा दिया। 70 वर्षीय सुनीताबाई को भी निराशा हाथ लगी। उनके मोबाइल पर बार-बार प्रयास के बाद भी ओटीपी नहीं आया। जबकि नंबर भी सही था।

#### आयुष्मान से यह है लाभ...

योजना के तहत बुजुर्ग पांच लाख तक का सालाना निःशुल्क उपचार करा सकते हैं। वहीं, परिवार में पहले से आयुष्मान कार्ड है तो बुजुर्गों को इस स्थिति में नई सुविधा का भी अतिरिक्त लाभ मिलेगा। यही नहीं, इस योजना से लाभ लेने के लिए किसी तरह की वेटिंग का सामना नहीं करना पड़ेगा।

#### यह सुविधाएं नहीं मिलेगी...

योजना में डेंटल ट्रीटमेंट और वैक्सीनेशन भी कवर नहीं है। योजना के तहत मरीज जनरल वार्ड में ही भर्ती हो सकते हैं। प्राइवेट व सेमी प्राइवेट वार्ड में भर्ती होने पर अतिरिक्त शुल्क देना होगा। अस्पताल में भर्ती होने से पहले यह देखना भी जरूरी है कि क्या वो अस्पताल योजना से जुड़ा हुआ है या नहीं।

## डोडाचूरा तस्कर को 3-3 साल की सजा, जुर्माना भी भरना होगा

**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी कारूलाल ऊर्फ गुड्डू पिता नंदलाल धोबी आयु 32 वर्ष निवासी ग्राम ऐरा हा.मु. सीतामऊ, जिला मंदसौर एवं भागीरथ पिता नानूराम धोबी उम्र 30 वर्ष निवासी सीतामऊ फाटक के पास मंदसौर को अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्कारी करने के अपराध में दोषी पाते हुए 03-03 साल के सश्रम कारावास एवं 10-10 हजार रूपये जुर्माने से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। घटना के संबंध में उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल 2017 को थाना अफजलपुर में पदस्थ सहा. उपनिरीक्षक ओपी राठौर को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो लोग मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 14 एमके 3185 से अवैध डोडाचूरा भरकर डिगांवमाली होकर सीतामऊ फाटक तरफ जाने वाले है। यदि तत्काल नाकाबंदी की जाए तो उसे मादक पदार्थ सहित पकडा जा सकता है। मुखबीर सूचना विश्वसनीय होने से मय फोर्स के टीम को तत्काल डिगांवमाली सीतामऊ रोड के यहां नाकेबंदी की। कुछ देर बाद मुखबीर के बताए अनुसार मोटर साइकिल आते दिखी। जिसे रोककर बैठे दोनों व्यक्तियों के नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम कारूलाल उर्फ गुड्डू पिता नंदलाल धोबी एवं भागीरथ पिता नानूराम धोबी होना बताया। उनकी तलाशी लेने पर दोनों के बीच प्लास्टिक का एक कट्टा था, जिसे खोल कर देखा तो उसमें अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा होना पाया गया। उक्त डोडाचूरा का तौल करने पर कुल वजन 20 किलो 250 ग्राम होना पाया गया। मादक पदार्थ परिवहन के संबंध में आरोपी से पूछे जाने पर कोई वैध लाईसेंस न होना बताया। मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर पंचनामा बनाया गया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस थाना अफजलपुर में अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं अनुसंधान कार्य पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय केसमक्ष अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्कों से सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपियो को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक दीपक जमरा द्वारा किया गया।

## स्पीड ब्रेकर पर फटा बस का डीजल टेंक

### 25 यात्री थे सवार, बड़ा हादसा टला

**पिपलिया मंडी, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। बुधवार सुबह 8.30 बजे पिपलिया चौपाटी पर निजी यात्री बस का डीजल टेंक फूट गया। हालांकि, बड़ा हादसा टल गया। बस में करीब 25 यात्री सवार थे। गनीमत रही घटना के तत्काल बाद टेंक फूटने का पता चला गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बाद में फायर फाइटर से पानी का छिड़काव कराया गया।**

जानकारी के अनुसार सूरत से नीमच चलने वाली निजी यात्री बस का पिपलियामंडी चौपाटी पर स्पीड ब्रेकर के यहां डीजल टेंक फूट गया। बताया गया कि टेंक फटने के बाद चौपाटी क्षेत्र में सड़क पर करीब 400 लीटर डीजल बह गया। चौपाटी पर यात्री को उतारने के दौरान दुकानदारों ने ड्राइवर को डीजल टेंक फटने की जानकारी दी। तत्काल बस में सवार करीब 25 यात्रियों को नीचे उतरवाकर अन्य बस से गंतव्य तक पहुंचाया गया। वहीं बस को साइड में खड़ा करवाकर नगर परिषद से फायर फाइटर बुलवाकर पानी का छिडकाव कराया गया। जिससे कि डीजल के कारण सड़क पर फिसलन न हो।

### जिला अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर हेमलता बटवाल ने रिश्वतखोरी का लगाया था आरोप, जांच के बाद एक बाबू निलंबित...

# भूपेंद्र व्यास को क्लीन चिट दिए जाने से विभाग में कई सवाल उठ रहे

**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर हेमलता बटवाल द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भूपेंद्र व्यास पर रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया गया थे। उन्होंने दावा किया कि अपनी चाइल्ड केयर लीव के दौरान सैलरी प्राप्त करने के लिए उनसे रिश्वत मांगी गई थी। इस मामले ने जिला प्रशासन में हलचल मचा दी थी, और कई सवाल उठ खडे हुए थे।

मामला तब प्रकाश में आया जब गत माह जिला पंचायत की स्वास्थ्य समीक्षा बैठक में हेमलता बटवाल ने अधिकारियों के सामने शिकायत दर्ज की। उन्होंने सिविल सर्जन और सीएमएचओ कार्यालय पर रिश्वतखोरी और अनुचित दबाव डालने के आरोप लगाए। उनके अनुसार, चाइल्ड केयर लीव के दौरान उनकी सैलरी को पास करवाने के लिए उनसे 15,000 रुपए की मांग की गई थी, जिसे उन्होंने मजबूरी में दिया। इसके बावजूद, सीएमएचओ कार्यालय के बाबू भूपेंद्र व्यास ने उनसे 7,000 रुपए की अतिरिक्त मांग की। जब उन्होंने रिश्वत देने से इनकार किया, तो उनकी सैलरी पिछले तीन महीनों से रोक दी गई थी। हेमलता बटवाल ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी बात रखी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सैलरी को बिना किसी कारण रोक दिया गया है। उन्होंने अपनी पर्सनल फाइल में छेडछाड की आशंका भी जताई और आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों ने उनके खिलाफ साजिश रची है, जिससे उनके करियर और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड सकता है। इस घटना से वे काफी भयभीत और तनावग्रस्त हो गई हैं। इस आरोप के बाद मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय ने मामले की जांच की। हालांकि, जांच के बाद भूपेंद्र व्यास को क्लीन चिट देते हुए अभयदान दे दिया गया, जबकि सिविल सर्जन कार्यालय के बाबू शैलेष साठे को दोषी ठहराते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। यह निर्णय विभाग के अधिकारियों के बीच विवाद का विषय बन गया है क्योंकि हेमलता बटवाल ने अपने बयान में भूपेंद्र व्यास का ही नाम लिया था, जिसे जिला पंचायत सदस्यों के सामने और सोशल मीडिया पर सार्वजनिक किया गया था। इस पूरे मामले में भूपेंद्र व्यास को क्लीन चिट दिए जाने से विभाग में कई सवाल उठ रहे हैं। आरोपों के बावजूद व्यास को अभयदान मिलने से यह मामला एक बार फिर से सरकारी कार्यालयों में रिश्वतखोरी और अधिकारियों के बीच अनुचित व्यवहार को उजागर करता है, जिससे सरकारी संस्थानों की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है।

## कार से पकड़ा 56 किलो डोडाचूरा, एक गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने कार में डोडाचूरा तस्करी करते एक आरोपी को पकडा। वहीं एक फरार हो गया। मुखबिर की सूचना पर नाहरगढ पुलिस ने नाहरगढ़-बिल्लोद मार्ग पर नाकाबंदी कर बिल्लोद की ओर से आ रही कार (एमपी 20 सीई 4823) को रोका, तलाशी के दौरान कार में रखे तीन कट्टों से 56 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने कार में सवार निरधारी निवासी विकास (36) पिता कैलाश चौधरी को पकड लिया, वहीं बिल्लोद निवासी शैलेन्द्र पिता हरिसिंह भाटी फरार हो गया। एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर पुलिस ने कार व डोडाचूरा जब्त किया। बताया गया आरोपी गांव निरधारी से साबाखेडा की ओर जा रहे थे। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## दो पत्नी वाला सरपंच महिला मित्र के साथ उज्जैन में पकड़ाया, पत्नी ने जमकर धोया

**नीमच, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के एक सरपंच और उसकी महिला मित्र की उज्जैन में पत्नी ने जमकर पिटाई कर दी। पत्नी ने खूब हंगामा भी किया। सरेराह हुई इस पिटाई का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस तीनों को थाने ले आई। यहां एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का दौर चला। हालांकि, दोनों पक्ष ने अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। बता दें, पिटाई करने वाली महिला, सरपंच की दूसरी पत्नी है।

जानकारी के अनुसार नीमच जिले की सावन ग्राम पंचायत के सरपंच जितेंद्र माली अपनी महिला मित्र के साथ उज्जैन आए थे। वे यहां इंदौर रोड स्थित लालगेट के पास प्रकाश होटल में रुके थे। बुधवार को सुबह सरपंच अपनी महिला मित्र के साथ कार में बैठकर होटल से निकले ही थे कि उन्हें उनकी पत्नी ने पकड लिया। सरपंच की पत्नी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। किसी ने इस घटना का वीडियो बना लिया, जिसमें सरपंच की पत्नी कार में पति के बगल की सीट पर बैठी महिला मित्र को पीट रही है। पारिवारिक विवाद में सडक पर हंगामा मच गया, जिसके बाद तीनों को नानाखेडा थाने पर लाया गया।

#### दोनों पत्नियों से दो-दो बच्चे हैं...

सरपंच की पहली शादी सपना माली के साथ करीब 20 वर्ष पहले हुई थी। इसके बाद सरपंच ने करीब 15 साल पहले हेल्थ डिपार्टमेंट में पदस्थ उषा आर्य से शादी कर ली और उसके साथ रहने लगा। जितेंद्र माली के दोनों पत्नियों से दो-दो बच्चे हैं। सरपंच की दूसरी पत्नी उषा का आरोप है कि जितेंद्र आंगनवाड़ी में काम करने वाली एक युवती से तीसरी शादी करना चाहता है। इसके चलते वो दोनों पत्नियों के साथ मारपीट करता है।

#### कई दिनों से पीछा कर रही थी...

सरपंच की दूसरी पत्नी उषा ने बताया कि कुछ दिन पहले पति और आंगनवाडी कार्यकर्ता के बीच मैसेज पर हुई। ये बातचीत देखकर उनके संबंधों की जानकारी लगी। इसके बाद उनके कई फोटो भी मेरे हाथ लगे। पति को समझाया तो बच्चों की दुहाई देकर पैर पकड़कर माफी मांगने लगे। कल मुझे दोनों के उज्जैन जाने की जानकारी लगी, जिसके बाद मैंने पीछा कर दोनों को पकड लिया।

## एट लेन पर जल्द शुरु होगी कई सुविधाएं

**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे अर्थात एट लेन पर अब कई सुविधाएं जल्द ही शुरु होने वाली है। अभी भी एक्सप्रेस-वे तो शुरु हो गया है। लेकिन, अभी उसके बीच में रेस्ट हाउस, फूड कोर्ट और फ्यूल स्टेशन की व्यवस्था शुरु नहीं हो पाई है। इस साल के समापन से पहले एक्सप्रेस-वे से सफर करने वाले यात्रियों को सभी सुविधाएं मिलने लगेंगी।

मध्यप्रदेश समेत राजस्थान के कई हिस्सों पर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सफर शुरु हो चुका है। निमथुर इंटरचेंज से चेचट तक ट्रैफिक शुरू कर दिया गया है। ऐसे में अब कोटा के पास चेचट से झाबुआ के थांदला तक एक्सप्रेस-वे पर 269 किलोमीटर का रूट चालू कर दिया गया है। इस रूट पर सफर करने वाले यात्रियों को पेट्रोल पंप, रेस्टोरेंट और दूसरी सुविधाओं के लिए ज्यादा... शेष पेज 4 पर

## विद्यालय संचालक को खाली करना होगी भावसारों की बगीची

### हाईकोर्ट ने की याचिका खारिज, समाज का हक माना

**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** खानपुरा स्थित श्री भावसारो की बगीची में संचालित होता रहा भावसार विद्या मंदिर अब या तो बंद हो जाएगा अथवा नई जगह संचालित होगा। स्कूल संचालको को बगीची से अपना हक छोड़ना होगा। भावसार समाज ने निर्धारित किराया 851 रूपए प्रतिमाह का वर्ष 2015 से ही लेना बंद कर उन्हें परिसर खाली करने का नोटिस दिया था। लेकिन, स्कूल संचालको ने न्यायालय में अपील कर दी थी। दो बार स्थानीय अदालतो से हारने के बाद स्कूल संचालको ने हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में अपील थी।

इंदौर हाईकोर्ट के विद्वान न्यायाधीश श्री प्रणय वर्मा की अदालत में मंदसौर के अभिभाषक श्री मंगेश भाचावत ने भावसार स्कूल संचालको की तरफ से अपील की थी। दोनो पक्षो को सुनने के बाद न्यायालय ने अपना फैसला दशपुर भावसार समाज के पक्ष में सुनाया। उन्होंने अपने फैसले में लिखा कि संपूर्ण चर्चा के मद्देनजर मुझे निचली अदालतों द्वारा कोई अवैधता या त्रुटि नहीं मिली है। उनके द्वारा निकाले गए निष्कर्ष तथ्यो के आधार पर है और पुरी तरह न्यायोचित है। इस अपील में निर्णय के लिए कोई महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्न नहीं उठता है। जिसके परिणाम स्वरूप इसे खारिज किया जाता है। बता दें कि बीती 04 सितंबर को फैसला सुरक्षित रखा था। मंगलवार 12 नवंबर देव प्रबोधिनी एकादशी को फैसला सुनाया गया। अब समाजजन श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर भावसारो की बगीची का परिसर खाली कराने की कार्यवाही करने में जुटे हुए है।

## एमपी बना मसाला स्टेटः प्रदेश के किसानों ने उगाई 54 लाख टन मसाला फसलें, देश में पहला स्थान

**भोपाल, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के किसानों ने मसाला फसलों के उत्पादन में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 2023-24 में रिकॉर्ड 54 लाख टन से अधिक मसालों के उत्पादन के साथ प्रदेश ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने इस उपलब्धि पर प्रदेश के किसानों को बधाई दी है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय किसानों की मेहनत और लगन को दिया है।



#### कृषि को लाभकारी बनाने के उपाय...

प्रदेश के किसानों ने पिछले 4 सालों में 2 लाख 16 हजार मिट्रिक टन मसाला फसलों के उत्पादन में वृद्धि की है। मिर्च के उत्पादन में दूसरा स्थान मिला है। मंत्री कुशवाह ने कहा कि किसानों के लिए यह आवश्यक है कि वे पारंपरिक कृषि फसलों के साथ-साथ कैश क्रॉप्स जैसे धनिया, हल्दी, मिर्च, अदरक, लहसुन और जीरा भी उगाएं। इन मसाला फसलों का उत्पादन अल्प समय में किया जा सकता है और बाजार में अच्छे दाम भी मिलते हैं। यह फसलें किसानों के लिए अतिरिक्त आय का स्रोत बन सकती हैं।

मध्यप्रदेश के किसानों ने मसाला फसलों के उत्पादन में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 2023-24 में रिकॉर्ड 54 लाख टन से अधिक मसालों का उत्पादन प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक अहम कदम है।

#### फ्लोरीकल्चर और फलोद्यान अपनाने की सलाह...

मंत्री ने किसानों को मसाला फसलों के साथ-साथ फलोद्यान और फ्लोरीकल्चर (फूलों की खेती) को भी अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भी किसानों को राज्य और केंद्र सरकार द्वारा अनुदान और अन्य सुविधाएं मिल रही हैं। इसके अलावा, शासकीय नर्सरियों से उत्तम गुणवत्ता के बीज और पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

#### फसलों के संरक्षण के लिए योजनाएं...

कुशवाह ने खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में भी किसानों को मदद देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउस और भंडारण सुविधाओं के लिए विभिन्न योजनाएं बनाई गई हैं। इन योजनाओं के तहत किसानों को अनुदान, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे फसलों के संरक्षण और भंडारण में सक्षम हो सकें।

बाल विवाह न करें और न किसी का होने दें, किशोर-किशोरियों का संकल्प- न बाल विवाह करेंगे, न करने देंगे...

# बाल विवाह शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित करता है



**सुवासरा, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विवाह बच्चों का खेल नहीं है, बल्कि यह सामाजिक विकास का एक हिस्सा है। विवाह के लिए किशोर-किशोरियों का शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत होना बहुत जरूरी होता है। बाल विवाह सिर्फ एक बुराई ही नहीं, बल्कि एक सामाजिक अपराध है। इसे मिटाना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह नसीहत राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम में परामर्शदात्री टीना सोनी ने छात्र-छात्राओं को दी।

बीते रोज शासकीय हाई स्कूल गुराड़िया बिजय में आयोजित परामर्श सत्र के दौरान उन्होंने कहा कि कम उम्र में विवाह होना किशोर- किशोरियों के स्वास्थ्य और शिक्षा को प्रभावित करता है। यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित करता है। बाल विवाह से जब किशोरियां कम उम्र में गर्भवती होती है, तो मातृ- शिशु मृत्यु तथा कुपोषण और एनीमिया के मामलों में वृद्धि होती है। यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती है। आप लोगों को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम न कम उम्र में बाल विवाह करेंगे और न अपने आसपास किसी का होने देंगे। जिस पर सभी छात्र- छात्राओं ने हाथ उठाकर एक स्वर में इस संकल्प को दोहराया। इस दौरान किशोरावस्था में होने वाले शरीरिक बदलाव एवं मादक पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल के प्राचार्य बालाराम राठौर और सभी शिक्षकगण इस दौरान उपस्थित रहें।

**सिर्फ एक कॉल से रुकेगा– बाल विवाह**–उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया कि बाल विवाह की जानकारी मिलने पर हम उसे रोकने के लिए सिर्फ एक कॉल करने की जरूरत है। हमारा छोटा सा प्रयास किसी बच्चे के भविष्य को खुशहाल बनाने में सहायक हो सकता है। हम स्थानीय पुलिस को 100 नंबर अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल कर सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है।

**बाल विवाह को निरस्त भी करा सकते है**–यदि किसी किशोर या किशोरी के बाल विवाह हो जाता है और वह अपने बाल विवाह को रद्द (शून्य घोषित) कराना चाहता है, तो कानून में इसकी व्यवस्था है। बाल विवाह को शून्य कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग से मदद ली जा सकती है। चाइल्ड लाइन नंबर 1098 पर कॉल करके भी सहायता प्राप्त की जा सकती हैप्रेस

# समाचार पत्र सम्पादक संघ का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न



**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** समाचार पत्र सम्पादक संघ का दीपावली मिलन समारोह नगरपालिका सभागृह में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, प्रेस क्लब अध्यक्ष पुष्पराजसिंह राणा, पूर्व अध्यक्ष ब्रजेश जोशी, दशपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष नेमीचन्द राठौर, युवा प्रेस क्लब अध्यक्ष महावीर जैन, समाजसेवी नाहरु खां मेव, समाजसेवी उत्सव जैन सीतामऊमंचासीन थे।

विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि जिस प्रकार पत्रकारों ने अभी जिला मुख्यालय पर एचडीबी मशीन के लिये जो आवाज बुलंद की वो सराहनीय कार्य किया है। ऐसे ही सभी पत्रकारगण कलम के माध्यम से जनहित के मुद्दे उठा कर आम जन की सेवा करते रहे। यदि पत्रकार कलम के माध्यम से जनहित के मुद्दे उठाते रहे तब जनता के हित के कार्य आसानी से होने लगेंगे। यही सच्ची पत्रकारिता है। प्रेस क्लब अध्यक्ष पुष्पाराजसिंह राणा ने कहा मैने देखा समाचार पत्र सम्पादक संघ के लोग आपस में सुख दुख में साथ देते दिखाई देते है। आज की पत्रकारिता व्यावसायिक पत्रकारिता हो गई है। पत्रकारों को एक रहना होगा। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में भी नई प्रतिभाएं पत्रकारिता क्षेत्र में आई है। प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष ब्रजेश जोशी ने कहा कि प्रत्येक पत्रकार को लिखने की आदत डालनी चाहिए। हर पत्रकार को लेखन व ज्वलंत मुद्दों से जुड़े रहना चाहिये। शासन प्रशासन को अवगत कराते रहे। दशपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष नेमीचंद राठौर ने कहा कि समाचार पत्र सम्पादक संघ पत्रकारों के हित में अच्छा कार्य कर रहा है। और संगठन पूरे जिले में सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। युवा प्रेस क्लब अध्यक्ष महावीर जैन ने कहा कि संगठन ने शहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र व पुरे जिले में पत्रकारिता से बहुत से नौजवानों को जोड़ा है। हमारे सामने आमजन की समस्याओं के कई विषय है जिसको ईमानदारी से पत्रकारों को उठाना चाहिये।

समाजसेवी नाहरु खां एवं उत्सव जैन ने शुभकामनाएं प्रेषित की। स्वागत भाषण समाचार पत्र संपादक संघ जिलाध्यक्ष अनिल जोशी ने देते हुए कहा कि समाचार पत्र पत्रकार संघ पिछले 9-10 सालों से जिले में सक्रियता से कार्य कर रहा है। संगठन पत्रकारों के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों की हमेशा मदद के लिये तत्पर रहा है। भविष्य में संगठन का ओर विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। संगठन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार राजेश पाठक ने दिया। आभार संगठन सचिव राजनारायण लाड ने माना। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार आलोक शर्मा, लोकेश पालीवाल, आशुतोष नवाल, प्रदीप कारपेंटर, दीपक शर्मा, विकास तिवारी, अजय बडोलिया, संगठन के उमेश नेक्स, रमेश माली, देवेन्द्र शर्मा, अजयसिंह तोमर, गौरव जोशी, सोनू जोशी, एहसान अजमेरी, क्रांति पंवार, जावेद अंसारी, गोलू पठान, कुलदीपसिंह गौड, राकेश भाटी, देवेन्द्र यादव, मनोज दसलानिया, मुगीस अख्तर, मोहसीन कुरेशी, देवेन्द्र राव, गौरव मुजावदिया, रविराजसिंह राणा, कार्तिक नेक्स, उमेश धगनर, अजय जाट, भारतसिंह जाट, जगदीश वसुनिया, राधेश्याम शर्मा, कमलेश मोदी, विवेक शर्मा, धर्मेन्द्रसिंह राणा, पंकज जैन, विजयेन्द्र फांफरिया, राजेन्द्र चौधरी, चरणसिंह, विपिन चौहान आदि उपस्थित थे।

# मारवाड़ी युवा मंच ने देव दीपावली का पर्व उत्साह से मनाया



**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** देव दीपावली का अपना एक विशेष महत्व होता है। साधारण बोलचाल की भाषा में इस छोटी दीपावली कहते हैं लेकिन वास्तविकता में यह छोटी नहीं बड़ी दीपावली है। देव दीपावली के दिवस भगवान के मंदिरों में दीपावली का पर्व पूरा उत्साह के साथ मनाया जाता है। और भगवान के मंदिरों में मनने वाली दीपावली का त्यौहार बड़ी दीपावली का ही होता है। इस दिन से मांगलिक कार्यक्रम का शंखनाद भी हो जाता है। यह एक शुभ दिवस माना जाता है।

उक्त विचार अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच शाखा मन्दसौर द्वारा स्टेशन रोड स्थित होटल तिरुपति में दीपावली मिलन समारोह में मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र अग्रवाल ने व्यक्त किये। समारोह में मंच परिवार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री हेमन्त अग्रवाल, श्री संजय वर्मा, श्री नरेन्द्र त्रिवेदी, श्रीमती नेहा सुमित मित्तल, मन्दसौर शाखा अध्यक्ष श्री दिलीप सेठिया, समाजसेवी श्री कैलाश सोनी, महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती रानी अनिल अग्रवाल, सचिव श्रीमती किरण गणेश सोनगरा भी मंचस्थ थे।

श्री नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच के माध्यम से आगामी नवीन सत्र 2025 में प्रत्येक माह सेवा प्रकल्प के आयोजन किये जायेंगे। विशेषकर शिक्षा, चिकित्सा सहित अनेक प्रकार की गतिविधियां चलाई जाएगी। वर्षभर की गतिविधियों का कैलेंडर जारी किया जाएगा। मारवाड़ी युवा मंच शाखा मंदसौर के अध्यक्ष दिलीप सेठिया ने वर्ष 2024 में मंच परिवार द्वारा की गई गतिविधियों का ब्यौरा रखा और कहा कि देवउठनी एकादशी के दिवस मारवाड़ी मंच ने दीपावली मिलन समारोह का आयोजन कर अपनी भारतीय परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिला शाखा अध्यक्ष रानी अनिल अग्रवाल ने कहा कि मंच परिवार के प्रत्येक कार्यक्रम में मातृशक्ति की विशेष भूमिका रहती हैं। ओर सभी बहिने कार्यक्रम में बढ चढकर हिस्सा लेती हैं और समय समय पर विभिन्न प्रकार के जनहितैषी प्रोजेक्ट भी करती हैं जिससे जरूरत मंदो को लाभ भी मिलता है। दीपावली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम में बहिनो ओर बेटियों की अच्छी प्रस्तुति प्रेरणा दायक रही ओर एक नया नवाचार हुआ। समय पर उपस्थित होने वाले सदस्यों का लक्की ड्रा किया गया जिसमें पंकज मित्तल, आयुष नागदा विजेता रहे। साथ ही ब्लून पर नाम लिखो प्रतियोगिता में प्रथम विजेता रानी अनिल अग्रवाल, द्वितीय साक्षी संदीप जैन रहे। डिस्पोजल ग्लास प्रतियोगिता में प्रथम प्रिया विवेक पालीवाल, द्वितीय मयूरी संजय दोषी तथा बच्चो में प्रथम एकांशी अनिल अग्रवाल, द्वितीय हितार्थ विवेक पालीवाल एवं तृतीय स्वरित संदीप जैन रहे। दीपावली मिलन समारोह में सम्मिलित होने वाले सभी का कुमकुम तिलक से स्वागत श्रीमति विद्या दोषी, पल्लवी नागदा, अंजू मित्तल, एवं उषा कुमावत ने किया।

# राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 उत्तरार्द्ध के निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित

**नीमच, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 उत्तरार्द्ध के रिक्त पदों के लिये निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया है। सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन के साथ नाम निर्देशन-पत्र 18 नवम्बर को प्रात: 10.30 बजे से लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्र 25 नवम्बर तक प्रात: 10.30 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 26 नवम्बर को प्रात: 10.30 बजे से होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 28 नवम्बर को अपरान्ह 03.00 बजे तक है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। मतदान (यदि आवश्यक हो) 09 दिसम्बर 2024 को प्रात: 7 से अपरान्ह 03 बजे तक होगा।

पंचायतों के उपनिर्वाचन 2024 उत्त रार्द्ध के लिए घोषित कार्यक्रम अनुसार मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना (केवल पंच पद के लिए) 09 दिसम्बर 2024 को मतदान समाप्ति के तुरंत बाद होगी। सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकासखण्ड मुख्यालय पर ईवीएम से की जाने वाली मतों की गणना 13 दिसम्बयर 2024 को प्रात: 08 बजे से होगी। पंच पद की मतदान केन्द्र पर की गई मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा तथा पंच पद की विकासखण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना, सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 16 दिसम्बर 2024 को प्रात: 10.30 बजे से होगी। सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए मतों का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा व जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतों का विकासखण्ड स्तरीय सारणीकरण 13 दिसम्बर 2024 को प्रात: 10.30 बजे से होगा। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतों का जिला मुख्यालय पर सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 16 दिसम्बर 2024 को प्रात: 10.30 से होगी। नीमच जिले में पंच के चार रिक्त पदों पर उपनिर्वाचन होना है।

## गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये

**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2425 रूपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रूपये अधिक है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने किसान भाईयों से आग्रह किया है कि अधिकाधिक क्षेत्र में गेहूं की बुवाई करें और बढ़ी हुई एमएसपी से अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करें। रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिये अब किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये विभाग द्वारा तैयारी प्रारम्भ कर दी गई है। इसके अंतर्गत गेहूं उपार्जन के लिए बारदाना, भंडारण, परिवहन की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड के गेहूं उपार्जन के लिए केन्द्रों पर मैकेनाइज्ड क्लीनिंग व्यवस्था की जाएगी। गेहूं की गुणवत्ता के परीक्षण के लिये सर्वेयर को सघन प्रशिक्षण दिया जाएगा।उल्लेखनीय है कि प्रदेश में विगत वर्ष 6 लाख 16 हजार किसानों द्वारा 48 लाख 38 हजार मीट्रिक टन गेहूं का विक्रय समर्थन मूल्य पर किया गया। गेहूं उपार्जन के लिये किसानों की सुविधानुसार कुल 3694 उपार्जन केन्द्र स्थापित किए गए।

# सीतामऊ स्थित बलदेव सेनजी महाराज के मंदिर का जीर्णोद्धार होगा



**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सीतामउ स्थित बलदेव सेनजी महाराज के मंदिर का जिर्णोदार होगा यह निर्णया सर्व सहमति से निया गया। सामाजिक विकास के साथ ही सामाजिक एकता के प्रयास को लेकर श्री कृणानंद गुजराती सेन समाज कल्याण संस्थान ने सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के गांव रूणीजा एवं महुवी मे एक निजी पगड़ी कार्यक्रम मे शामिल आमजनों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक एकता को अवश्यक मानते हुए जिलाध्यक्ष बलराम राठौर ने कहा की श्री कृणानंद गुजराती सेन समाज कल्याण संस्थान समाज मे एकता की नई पेठ कायम कर ली है। समाजिक परिवारों मे शोक संवेदना संदेश एवं वरिष्ठव्यक्तियों को उत्कृष्ठसेवा सम्मान देकर एकता बनाई जा रही है ताकी भविष्य मे सामाजिक संगठन मजबुती से अन्य समाज की तरह एक विकसत एवं समृद्ध समाज बन सके। सुवासरा के सामाजसेवी दिनेश सोलंकी को उत्कृष्ठ समाजसेवा सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कोषाध्यक्ष दयाराम चौहान, सह सचिव डॉ.दिनेश सोलंकी, सदस्य भुवानी शंकर सेन, कैलाशचंद्र भाटी सुठी, देवीलाल सेन तितरोद, कचरूलाल सोलंकी ठंढेड़ा, श्यामलाल चौहान मेलखेड़ा, संजय चौहान बोलिया युवा अध्यक्ष, सरेश सेलंकी एड्वोकेट सीतामउ, अमीत सोलंकी सुवासरा, रमेश सोंलकीं प्रतापगढ आदी मौजुद थे।

## नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने उज्जैन पहुंचकर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से की मुलाकात...

# पशुपतिनाथ मेला में पधारने हेतु दिया निमंत्रण पत्र



**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद के द्वारा दिनांक 12 नवंबर से 01 दिसंबर 2024 तक 20 दिवसीय भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव का मेला आयोजित किया जा रहा है इस मेल में प्रदेश के जनप्रतिनिधि भी आए और मेला का गौरव बड़ाये, इसके लिए नगर पालिका परीषद व पशुपतिनाथ मेला समिति प्रयासरत है इसी के अंतर्गत कल नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने मेला समिति के सभापति श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी एवं मेला समिति के सदस्यों के साथ उज्जैन पहुंचकर यहां सीएम हाउस में मध्य प्रदेश शासन के माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात की और उन्हें पशुपतिनाथ मेला में पधारने हेतु आमंत्रण पत्र भी सोपा साथ ही मेला आयोजन के लिए मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग से नगर पालिका को अनुदान राशि देने की भी मांग की मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर को कहा कि वह पशुपतिनाथ मेला में आने का पूरा-पूरा प्रयास करेंगे तथा नगर पालिका परिषद के द्वारा जो राशि की मांग की गई है उसका परीक्षण कराकर जो भी हो सकता है करने का प्रयास करेंगे इस अवसर पर मेला समिति के सदस्यगण श्रीमती माया भावसार दीपक गाजवा ईश्वर सिंह चौहान पार्षद प्रतिनिधि अनूप माहेश्वरी बब्बु भाई पमनानी राकेश भावसार मेला लिपिक राजेंद्र नीमा भी साथ थे नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने उज्जैन के सीएम हाउस पहुंचे अन्य जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा की।



# संगठन पर्व को लेकर पानपुर शक्ति केंद्र कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया के निर्देशानुसार मंदसौर ग्रामीण मंडल के पानपुर शक्ति केंद्र पर संगठन पर्व 2024 को लेकर बंजारी बालाजी मंदिर पर कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष ईश्वर सिंह पंवार एवं पानपुर शक्ति केंद्र के संगठन पर्व के प्रभारी हेमंत धनोतिया ने जानकारी दी 14 तारीख से लेकर 20 तारीख तक प्रत्येक बूथ पर बूथ अध्यक्ष सहित पूरी बूथ की टोली का गठन करना हे कार्यशाला में शक्ति केंद्र के प्रभारी विक्रम सिंह जी, सह सयोजक होकम सिंह जी, उंकार लाल माली सहित शक्ति केंद्र के बुथ अध्यक्ष सहित टोली के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने के लिए आम नागरिकों को जाग्रत करें



**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठक के प्रवास के दौरान केशव नगर स्थित संघ कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रिय संयोजक श्री सुधीर दांते व मालवा प्रांत महिला प्रमुख श्रीमति पल्लवी व्यास मंचासीन रहे जिसमें सभी क्षेत्रीय अधिकारीयों ने अपने अपने उद्बोधन द्वारा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया जिसमें श्री क्षेत्रीय संगठन केशव दुबोलिया ने मंच को संबोधित करते हुए कहा चाइनिस वस्तुएं की होली जलाये व विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार आम नागरिक करें इसके लिए जन जाग्रति हेतु नुक्कड़ नाटक द्वारा लोगों के बीच जाकर उन्हें जाग्रत करें।

उपरोक्त कार्यक्रम में विभाग विस्तारक दिलीप व्यास, जिला संयोजक अंकुश पालीवाल, जिला सहसंयोजक दिलीप चौधरी, महेंद्र सिंह राजावत, जिला संपर्क प्रमुख हेमंत नामदेव, जिला वरिष्ठनागरिक आयाम प्रमुख वीरेंद्र आर्य, तहसील संयोजक अभिजीत सिंह मंडलोई, तहसील सहसंयोजक सतीश बैरागी, गोविंद सिंह सिसोदिया, जितेन्द्र पाटीदार, रविंद्र सिंह जादौन, तहसील संपर्क प्रमुख देवेंद्र भारती, नगर संयोजक कनिष्क शर्मा, नगर प्रचार प्रमुख उदित जैन, श्याम सिंह चिकनिया, किशन पांडे, राजेश चौहान, अशोक सोनी, श्रेयांश मंडलोई, कुणाल श्रीवास्तव, मातृशक्ति में रेखा जोशी, निशा कुमावत, पूजा ठाकुर, मीनाक्षी पवार, कविता चौहान सहित स्वदेशी के कार्यकर्ता व सरस्वती स्कूल के विद्यार्थी भी उपस्थित थे।



# बाहेती परिवार द्वारा अपने बेटे की शादी–समारोह में किया जीरो वेस्ट इवेंट

**मनासा, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बाहेती परिवार द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु एक छोटा सा प्रयास, बड़े बदलाव का परिवार द्वारा अपने सुपुत्र की शादी में शुन्य अपशिष्ट आयोजन यानी जीरो वेस्ट के रूप में की गई। इस आयोजन में किसी भी प्रकार का सिंगल यूज प्लास्टिक, थर्माकोल, डिस्पोजल, पत्तल दोना आदि पर्यावरण प्रदूषित करने वाली सामग्री का उपयोग नही किया गया। इनके स्थान पर स्टील बर्तन, चीनी प्लेट, स्टील चम्मच, कांच गिलास आदि का उपयोग किया गया। जहां इस तरह के आयोजन पानी पीने के लिए डिस्पोजल ग्लास, थर्माकोल दोना पत्तल आदि का उपयोग करते है जो की सैकडो किलो कचरा उत्पन्न होता है, लेकिन बाहेती परिवार के इस आयोजन में पेयजल के लिए भी पीतल, तांबे स्टील के बर्तन का प्रयोग किया जो पर्यावरण प्रदूषित नही करती है। और कचरा उत्पन्न नहीं होता है, अथवा चाय कॉपी क्षुप के लिए भी कुल्हड़ का उपयोग किया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा एवं कचरा मुक्त इस आयोजन के लिए विधायक अनिरुद्ध माधव जी मारू ओर नगर परिषद अध्यक्ष महोदय डॉ. सीमा अजय जी तिवारी ने बाहेती परिवार का आभार माना और वर वधु को आशीर्वाद दिया। विधायक मारू ने नगर के क्षेत्र वासियो से भी अपील की आपके परिवार में भी शादी समारोह जैसे मांगलिक कार्यक्रम हो तो उन्हें जीरो वेस्ट के रूप में आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प ले।

स्वच्छ भारत मिशन में बाहेती परिवार द्वारा उल्लेखनी एवं विशेष योगदान देने हेतु नगर परिषद मनासा की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद आभार एवं वर वधु के लिए मंगलम जीवन की शुभकामनाएं। इस दौरान नगर परिषद द्वारा जीरो वेस्ट इंवेंट का सेल्फी पाइंट भी लगाया गया था जिस पर समारोह में शामिल लोगों ने सराहा ओर सेल्फी पाइंट पर सेल्फी ली। एक छोटा सा प्रयास पर्यावरण अनुकूल को लेकर बड़े बदलाव का।

# वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने में मप्र देश में अग्रणी

## अब तक 2 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के बनाये जा चुके हैं आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान ऐप से स्वयं भी हितग्राही कर सकते हैं पंजीयन

**नीमच, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेश में वरिष्ठनागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति पर समस्त संलग्न अधिकारियों, आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी पात्र वरिष्ठनागरिकों तक स्वास्थ्य सुरक्षा पहुँचाने के लिए संकल्पबद्ध है।वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने में मध्यप्रदेश पूरे देश में अग्रणी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष्मान भारत योजना डॉ योगेश भरसट ने बताया कि मध्यप्रदेश में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के अब तक 2 लाख 667 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। वहीं केरल में अब तक 1 लाख 76 हज़ार 167 कार्ड बनाए गए हैं।

डॉ. भरसट ने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रतिदिन लगभग 30 से 35 हज़ार वरिष्ठनागरिकों के आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं। डॉ भरसट ने बताया कि लक्षित 34 लाख 73 हज़ार 325 आयुष्मान कार्ड 15 जनवरी तक बना लिये जाएँगे। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। आशा कार्यकर्ता, एएनएम और सीएचओ के द्वारा डोर टू डोर दस्तक दी जा रही है। विशेष कैंप आयोजित किये जा रहे हैं। हितग्राही घर बैठे ही बना सकते हैं आयुष्मान कार्ड- सीईओ डॉ. भरसट ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत एक नई पहल शुरू की है, जिसमें 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सुलभ एवं उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से समर्पित है। योजना का शुभारंभ 29 अक्टूबर 2024 को किया गया। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के पात्र वरिष्ठ नागरिक अब राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के पोर्टल https://beneficiary.nha.gov.in या आयुष्मान ऐप https://play.google.com/store/apps/details?id=com.beneficiaryapp के माध्यम से भी अपना पंजीकरण कर सकते हैं। हितग्राही स्वयं सेल्फ रजिस्ट्रेशन विकल्प का चयन कर घर बैठे ही अपना कार्ड बना सकते हैं।

**वरिष्ठनागरिकों के लिए 'वय वंदना कार्ड' –** डॉ. भरसट ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को 'वय वंदना कार्ड' नामक एक विशिष्टकार्ड जारी किया जा रहा है। जो वरिष्ठ नागरिक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के हैं और जिनके परिवार पहले से आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर हैं, उन्हें इस कार्ड के माध्यम से अतिरिक्त 5 लाख तक की वार्षिक टॉप-अप कवरेज मिलेगी। यह टॉप-अप केवल वृद्धजनों के लिए है और परिवार के अन्य सदस्यों (जो 70 वर्ष से कम आयु के हैं) के साथ साझा नहीं किया जा सकेगा। पहले से रजिस्टर्ड हितग्राहियों को वय वंदना कार्ड के लिये पुन: पंजीयन करना अनिवार्य – डॉ. भरसट ने बताया कि पहले से रजिस्टर्ड आयुष्मान हितग्राहियों को वय वंदना कार्ड के लिए पुन: पंजीकरण करना होगा। वय वंदना कार्ड प्राप्त करने पर वरिष्ठनागरिकों को 5 लाख का अतिरिक्त टॉप-अप मिलेगा, जिससे कुल ?10 लाख तक का स्वास्थ्य कवरेज मिल सकेगा। यह अतिरिक्त टॉप-अप केवल वृद्धजनों के लिए ही होगा, जबकि परिवार के अन्य सदस्यों को पूर्व निर्धारित 5 लाख का कवरेज मिलेगा। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के अन्य सभी वरिष्ठ नागरिकों को पारिवारिक आधार पर 5 लाख तक की वार्षिक कवरेज प्रदान की जाएगी।

**अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं के लाभार्थी को एक विकल्प का करना होगा चयन:–**डॉ. भरसट ने बताया कि जो वरिष्ठ नागरिक केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस), या आयुष्मान सीएपीएफ जैसी अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, उन्हें अपनी मौजूदा योजना या आयुष्मान भारत योजना में से किसी एक का चयन करना होगा। निजी स्वास्थ्य बीमा योजना या कर्मचारी राज्य बीमा योजना में शामिल वरिष्ठनागरिक भी आयुष्मान योजना के तहत लाभ ले सकेंगे।

**ई–केवाईसी के लिये तीन माध्यम उपलब्ध:–** डॉ. भरसट ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों की पहचान के लिए योजना में आधार कार्ड को मुख्य दस्तावेज माना गया है। ऐसे नागरिक जिनके आधार कार्ड पूर्ण जन्मतिथि न होकर जन्मवर्ष है, उन्हें 1 जनवरी 2025 को आधार मानकर 70 वर्ष पूर्ण होने पर पात्र माना जायेगा। हितग्राहियों की पहचान के लिए थंब इम्प्रेशन, आईरिस स्कैन और मोबाइल ओटीपी तीन माध्यम का प्रावधान है, ताकि सहजता से हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जा सके।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 348 | 2100 | 2324 |
| उडद | 93 | 5600 | 7260 |
| सोयाबीन | 5485 | 3600 | 4375 |
| गैहु | 1984 | 2625 | 3240 |
| चना | 194 | 5800 | 6500 |
| मसुर | 37 | 5651 | 6100 |
| धनिया | 260 | 5500 | 6931 |
| लहसुन | 12500 | 16000 | 34800 |
| मैथी | 830 | 4603 | 6401 |
| मुंगफली | 9000 | 3200 | 5200 |
| अलसी | 1405 | 5400 | 6068 |
| सरसो | 117 | 4653 | 6031 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 66 | 11500 | 12901 |
| प्याज | 10500 | 2000 | 4000 |
| कलोंजी | 24 | 11400 | 18191 |
| तुलसी बीज | 3 | 13199 | 18250 |
| डॉलर | 25 | 10300 | 13603 |
| तिल्ली | 10 | 10001 | 11899 |
| जौ | 44 | 1901 | 2590 |
| चिया | 6 | 11050 | 16301 |
| असालीया | 36 | 9301 | 12500 |
| मूंग | 0000 | 0000 | 00000 |

## शाम होते ही बढ़ने लगी ठंड

**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में ठंड बढ़ गई है। शाम-सुबह के समय गर्म कपड़ों की जरूरत पडने लगी है। हालांकि दिन में हल्की गर्मी बनी हुई है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री व न्यूनतम तापमान 17 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम जानकारों के अनुसार दो तीन दिन बाद ठंड बढ़ जाएगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट आएगी वहीं दिन सामान्य रहेंगे।

मौसम जानकारों के अनुसार इस बार दिसंबर-जनवरी में कड़ाके की ठंड का दौर आएगा। इन दो महीनों में 20 से 22 दिन कोल्ड वेव की स्थिति रह सकती है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह की मानें तो नवंबर में पारा 10 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा।प्रशांत महासागर में अलनीलो-ला नीनो की स्थिति न्यूट्रल है। वहीं, आईओडी भी हिंद महासागर में न्यूट्रल है। इस वजह से नवंबर में पूरे महीने ही ऐसा मौसम रहेगा। दिसंबर में पारा लुढ़कने लगेगा। आखिरी सप्ताह में कोल्ड वेव भी चलेगी।

# प्रशासन ने की रेत के अवैध उत्खनन पर कार्यवाही



**मनासा, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के मार्गदर्शन में एस.डी.एम. मनासा एवं खनिज विभाग द्वारा गांधीसागर डैम से रेत का अवैध उत्खनन करने वालों के विरूद्ध बुधवार को कार्यवाही कर रेती का अवैध उत्खेनन करते पाए जाने पर तीन बोट एवं एक जहाज जप्त किया गया है।

जिला खनिज अधिकारी श्री आरिफ खान ने बताया, कि बुधवार को एस.डी.एम. श्री पवन बारिया, सहायक खनिज अधिकारी श्री गजेंद्र डाबर, तहसीलदार रामपुरा श्री मुकेश निगम की टीम ने राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार एवं होमगार्ड सैनिकों के साथ मनासा क्षैत्र के राजपुरा में गांधीसागर डूब क्षेत्र में आकस्मिक जांच कार्यवाही की गई। इसके लिए एक दल सडक मार्ग से राजपुरा डैम के किनारे पहुंचा और दूसरा दल स्पीड बोट एवं स्टीइमर से जल मार्ग से होते हुए राजपुरा पहुंचा। दोनों दलों द्वारा संयुक्त रूप से पानी के अंदर नांव पर स्थापित मशीन के माध्यम से रेत निकालने वाली तीन नांवों को जप्त किया गया। साथ ही अवैध उत्खनन में प्रयुक्त एक जहाज पाये जाने पर टीम द्वारा नांवों एवं जहाज को जप्त किया गया है। साथ ही पानी के किनारे रेत छानने हेतु लगे हुए तीन छनने भी नष्ट करवाये गये हैं। जांच दल द्वारा सभी नांवों को मशीनों सहित मय जहाज के जलमार्ग से स्टीमर की मदद से रामपुरा लाकर मतस्य केंद्र में रखा गया है। कार्यवाही के दौरान जप्त नांवों, मशीनों एवं जहाज का कोई भी मालिक समक्ष में नहीं आया है। खनिज विभाग द्वारा प्रकरण की विवेचना कर अर्थदण्ड हेतु प्रकरण कलेक्टर नीमच को प्रस्तुत किया जावेगा।



## डाइट में विद्युत के लिए सौर ऊर्जा पर कार्य करें-कलेक्टर

### जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रबंध समिति की बैठक डाइट सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि डायट में विद्युत के लिए सौर ऊर्जा क्षेत्र में कार्य करें। सौर ऊर्जा प्लेटो को डाइट परिसर की छतों पर लगाए और उससे विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करें। अक्षय ऊर्जा कैसे उत्पन्न की जा सकती है इसके लिए विशेष तौर पर प्रयास करने चाहिए। इसके साथ ही बैठक के दौरान छात्रावासों की जानकारी, प्रशिक्षण की जानकारी, विद्यार्थियों की संख्या, पाठ्य सहगामी गतिविधियां, हरियाली युक्त परिसर, शैक्षणिक शोध पर कार्य, सेवा कालीन प्रशिक्षण, शालाओं के अकादमिक सहयोग, समावेशित शिक्षण, नवाचार,टीएलएम प्रदर्शनी, शैक्षणिक भ्रमण, खेल गतिविधियां, नवाचारी प्रयास, परिसर सौंदर्यीकरण, गुणवत्ता उन्नयन योजना आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, शिक्षा विभाग के सयुक्त संचालक, डाइट प्राचार्य, अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## डेंगू एवं मलेरिया के प्रभावी नियंत्रण हेतु चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सकों की कार्यशाला सम्पन्न



**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सुंदरलाल पटवा चिकित्सा महाविद्यालय मंदसौर में डेंगू एवं मलेरिया के बेहतर प्रबंधन हेतु सीएमई का आयोजन जिला मलेरिया कार्यालय मंदसौर एवं चिकित्सा महाविद्यालय मंदसौर के सामुदायिक विज्ञान विभाग, माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉक्टर शशी गांधी एवं मंदसौर जिले के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जी एस चौहान द्वारा किया गया। सीएमई के दौरान महाविद्यालय के चिकित्सकों द्वारा डेंगू एवं मलेरिया की एपिडेमियोलॉजी डायग्नोसिस प्रबंधन एवं इसकी रोकथाम के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। सामुदायिक आयुर्विज्ञान की चिकित्सकों द्वारा वाहक जनित रोगों मुख्यत: मच्छर से होने वाली बीमारियों, मच्छरों से बचाव एवं घरेलू स्तर पर मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए आवश्यक उपाय बताए। मेडिसिन विभाग चिकित्सकों ने डेंगू एवं मलेरिया के लक्षण एवं उपचार की विस्तृत जानकारी उपस्थित समस्त महाविद्यालय एवं जिला अस्पताल के चिकित्सकों को दी। गर्भवती महिलाओं में डेंगू एवं मलेरिया के उपचार एवं विशेष सावधानियां महिला एवं प्रस्तुति विभाग की चिकित्सा डॉक्टर करुणा मरावी द्वारा बताया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जिला मलेरिया अधिकारी डॉ दीपा पाठक ने जिले में वाहक जनित रोगों की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं जिला मलेरिया कार्यक्रम के बारे में चर्चा की। सीएमई में सुंदरलाल पटवा चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय मंदसौर के लगभग 50 से अधिक चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।। सीएमई दो दिवस कार्यशाला रखी गई है।

## पिता को पीटा, बेटे-बहू पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पिता को पीटने पर बेटे-बहू पर केस दर्ज हुआ। फतेहगढ निवासी राधेश्याम भाट ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरा बेटा विनोद मुझे इलाज के लिए बाइक से क्यामपुर ले गया था। इसी बात को लेकर मेरे एक ओर बेटे जीवन व उसकी पत्नी कविता आए और बोले कि हमारी बाइक क्यों ले गए। दोनों ने गाली-गलौज की व पत्थर से मूह पर मार दी, जिससे खून निकलने लगा। बहू ने लकडी से मारी, जिससे आंख पर चोंट आई। पुलिस ने केस दर्ज किया।

## जिले में 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को...

## सफल बनाने न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न



**नीमच, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार नीमच जिले में 14 दिसम्बर, 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित समस्त श्रेणी के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।

इस संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा जिले के सभी न्यायाधीशगणों के साथ ऑफलाईन एवं ऑनलाईन माध्यम से बुधवार को बैठक आयोजित की गई। जिले के समस्त न्यायालयों द्वारा नेशनल लोक अदालत में निराकरण हेतु विभिन्न प्रकृति के लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण रैफर्ड किये गये है। इस संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगणों से चर्चा में बताया, कि लंबित प्रकरणों में समझौते की सम्भावना को देखते हुये, जिन पक्षकारों को, सूचना पत्र जारी किये है, उनमें आवश्यकतानुसार प्रीसिटिंग का आयोजन किया जायें। समझौता योग्य प्रकरणों में पेशी पर आने वाले पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराये। साथ ही पक्षकारों के हितों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिये। बैठक में जिला एवं तहसील मुख्यालय के सभी न्यायाधीशगणों द्वारा सहभागिता की गई। उल्लेखनीय है, कि 14 दिसम्बर 2024 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय नीमच सहित तहसील मुख्यालयों-मनासा, जावद एवं रामपुरा में भी किया जा रहा है।



## बिल्लोद शिवना नदी से अवैध रूप से निकाल रहे रेत, प्रशासन बेखबर..?

**नाहरगढ़, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बिल्लोद शिवना तथा पित्याखेडी तुबड नदी क्षेत्र में जलस्रोतों के मुहानों पर रेत माफिया सक्रिय हैं। तीन जेसीबी से अल सुबह चार से नौ बजे तक खुलेआम रेत खनन के साथ ही परिवहन का काम व्यापक पैमाने पर चल रहा है। जवाबदार विभाग कभी कभार सिर्फ परिवहन होती रेत के ट्रैक्टरों को पकडने की कार्रवाई करता है। शिवना नदी मौके पर पहुंचकर कोई कार्रवाई नहीं होने से इस रेत खनन पर लगाम नहीं लग पा रही। अब तो हालात यह हो गए हैं कि नदी किनारे वाले गांव में खुले में ही रेत निकालने का काम जोरों पर चल रहा है। नदी के तट को छलनी कर रेत निकालकर ट्रॉलियों में भरने का काम करते लोग देखे गए। रेत दिनभर नदी के तटों को छलनी कर रेत निकाल रहे हैं। शिवना नदी पर रोजाना पूरे दिन यही नजारा देखने को मिला। ये बन चुके हैं खनन के गढ शिवना. तथा पित्याखेडी तुबड नदी पास अवैध रूप से जेसीबी के माध्यम से बड़ी-बड़ी मौत की खदाने खोदी गई। इससे नदियां प्रवाहित हो रही है, व्यापक पैमाने पर अवैध रेत का खनन हो रहा है।

## शिवना शुद्धिकरण प्रोजेक्ट को 31 जनवरी तक पूर्ण करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने शिवना शुद्धिकरण प्रोजेक्ट का एप्को के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि प्रोजेक्ट को 31 जनवरी तक पूर्ण करें। साथ ही पीआईयू और एप्को हर 15 दिन में कार्यों का निरीक्षण करें। निर्माण एजेंसी प्रतिदिन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भेजें। ज्यादा से ज्यादा लोग लगाएं। अलग-अलग प्वाइंटस पर अलग-अलग लोगों को कार्य करने के लिए लगाएं। जिससे कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो। सभी प्वाइंटों को एसडीपी पूर्ण करने के बाद जोड़े। एजेंसी के कार्य करने के जितने भी भुगतान है। उन भुगतान को जल्द करें। जितना काम हो चुका है, उस कार्य का भुगतान करें।



# पिपलिया मंडी के दो मंदिरों में चोरी

### चांदी का छत्र व पीतल की सामग्री चोरी कर ले गए बदमाश

**सीसीटीवी में कैद हुई घटना, पुलिस जांच जारी**

**पिपलिया मंडी, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर में बीती रात्रि दो मंदिरों में चोरों ने धावा बोला। जहां से चोर चांदी का छत्र व पीतल की सामग्री चोरी कर ले गए। एक मंदिर पर सीसीटीवी में भी दो चोर कैद हुए। सूचना पर पुलिस पहुंची व जानकारी ली।

रेलवे फाटक के पास स्थित शनि मंदिर के पुजारी विनोद जोशी ने बताया कि बुधवार सुबह मंदिर पहुंचे, चेनल गेट का ताला खोला तो मंदिर का सामान अस्त-व्यस्त था। मंदिर में दान पात्र, आधा किलो वजनी चांदी का छत्र, तेल चढ़ाने का तांबे का पात्र, तांबे का लोठा, 2 तांबे की प्लेटें नही थी। सीसीटीवी चेक किया तो रात्रि 3.11 बजे दो चोर मंदिर के चेनल गेट को नीचे की तरफ से चौड़ा कर ईट फसाते नजर आए। एक चोर बाहर खड़ा रहा व दूसरा चेनल गेट को चौड़ा कर नीचे से अन्दर घुस गया। चोरी के बाद दोनों फरार हो गए। सूचना पर सुबह पुलिस पहुंची, घटना की जानकारी ली, दान पात्र रेलवे पटरी के पास मिला।

चोरी की दूसरी वारदात पिपलिया पंथ क्षेत्र में हुई। रेलवे पटरी के निकट वीर तेजाजी मंदिर के सेवक शिवनारायण जाट मंदिर पहुंचे तो सामान अस्त-व्यस्त था। मंदिर में घड़ियाल, पीतल के सामान नही थे। उल्लेखनीय है कि वीर तेजाजी मंदिर पर डेढ़ वर्ष पूर्व भी चोरी हुई थी। चोरी के बाद चोर वहीं सो गए थे, सुबह पुजारी के पहुंचने पर वे भाग निकले थे। लेकिन, उनका मोबाइल व चोरी करने के औजार वहीं छोड़ गए थे। जिसे पुलिस ने जब्ती में लिया था। मोबाइल जब्त होने के बाद भी चोर नही पकड़े जा सके थे।

## अंडर ब्रिज 115 का फ्लोर खराब

### नीमच-बिसलवासकलां खंड में मरम्मत कार्य के कारण रास्ता बंद

**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच में पश्चिम रेलवे के रतलाम रेल मंडल अंतर्गत स्थित नीमच-बिसलवासकलां खंड में स्थित अंडर ब्रिज संख्या 115 के फ्लोर का बुधवार सुबह मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस मरम्मत के चलते आगामी एक महीने के लिए इस अंडर ब्रिज पर आवागमन बंद रहेगा।दरअसल, बारिश के दौरान नीमच-बिसलवासकलां खंड में दूरदर्शी गांव के पास स्थित अंडर ब्रिज संख्या 115 का फ्लोर खराब हो गया था, जिससे इस मार्ग का उपयोग करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा था। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए, अंडर ब्रिज की सतह का मरम्मत कार्य किया जा रहा है।पश्चिम रेलवे के रतलाम रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तत्काल प्रभाव से अगले एक महीने तक अंडर ब्रिज संख्या 115 से आवागमन बंद रहेगा। इस दौरान यात्री और वाहन चालक परेशानी से बचने के लिए अंडर ब्रिज संख्या 116 का उपयोग कर सकते हैं।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्यवाही, चार संस्थानों से लिए सेम्पल



**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर के निदेशानुर्सार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 13 नवम्बर बुधवार को कार्यवाही के दौरान मंदसौर के चार संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 13 नवम्बर बुधवार को कार्यवाही के दौरान मंदसौर के पाटीदार मावा भट्टी ग्राम झावल से मावा, राठौर किराना झावल से धनिया पाउडर, मंसूरी किराना स्टोर्स झावल से घी, गुलाब जामुन मिक्स और मोहित किराना स्टोर्स से आम का अचार का नमुने लिये गये हैं। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान सभी संस्थानो को अपने यहां साफ सफाई रखने एवं पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।

## एडीएम द्वारा गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत जप्त महिन्द्रा पिकअप वाहन राजसात

**नीमच, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** ए.डी.एम. श्रीमती लक्ष्मीह गामड़ द्वारा थाना कुकडेश्विर के अपराध क्रं.235/2024 म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 तथा म.प्र. कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम एवं पशु क्रुरता अधिनियम के प्रकरण आदेश पारित कर जप्तम महिन्द्रा पिकअप वाहन क्रं. एम.पी.04.जी.ए.5011 उसमें क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे कुल 8 नग गाय के कैड़े (गौवंश) को मध्य प्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 व पशु परिरक्षण अधिनियम व पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 के उल्लंघन के फलस्वनरूप शासन हित में राजसात करने का आदेश जारी किया गया है।

## डाक विभाग में व्यवसाय विकास समीक्षा बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** अधीक्षक डाकघर मंदसौर ने बताया कि कुशाभाऊ ठाकरे ऑडीटोरियम मंदसौर में व्यवसाय विकास समीक्षा बैठक एवं पुरुस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गयांइस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पोस्टमास्टर जनरल,इंदौर परिक्षेत्र सुश्री प्रीती अग्रवाल, श्री जगदीश प्रसाद, अधीक्षक डाकघर मंदसौर , श्री अशोक कुमार जखोड़े सहायक अधीक्षक (भ्रमण), समस्त उपसंभागीय प्रमुख, समस्त ग्रामीण डाक सेवक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में डाकघर बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, आई.पी.पी.बी. इत्यादि के अंतर्गत अर्जित लक्ष्य की समीक्षा की गई। साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की दुर्घटना बीमा पॉलिसी के अंतर्गत मात्र 399 रूपये में 10 लाख के बीमे के दो हितग्राहियों को चेक वितरित कर लाभान्वित किया गया। साथ ही इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से आयोजित लोन मेले का शुभारम्भ किया गया एवं इस अवसर पर लाभार्थियों को चेक वितरित कर सम्मानित किया गयां इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की इस सुविधा का लाभ उठाने हेतु अनुरोध किया गया है बगीचे का शुभारम्भ किया एवं वृक्षारोपण भी किया गया।

## एट लेन पर जल्द शुरु ...

पेज 1 से जारी

इंतजार नहीं करना होगा।भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी का कहना है कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों की सुविधा के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। साल के अंत यानी 31 दिसंबर के पहले तक यात्रियों को सभी सुविधाएं मिलने लगेंगी। रतलाम के जावरा और गरोठ में फूड कोर्ट शुरु हो चुके हैं। वहीं दिसंबर तक फ्यूल स्टेशन भी शुरू कर दिए जाएंगे।

**एमपी के इन इलाकों से गुजर रहा है दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे-** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे गुजरात से मध्यप्रदेश के मेघनगर से लगी अनास नदी के पास प्रदेश में एंट्री कर रहा है। जो थांदला, सैलाना, खेजड़िया, शामगढ़, गरोठ होते हुए राजस्थान में प्रवेश करेगा। इस एक्सप्रेस-वे को प्रदेश की सड़को से 8 इंटर सेक्शन के माध्यम से जोड़ा गया है।

## आईटीआई नीमच में 19 को मेगा प्लेहसमेंट ड्राईव

**नीमच, 13 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मॉडल करियर सेंटर जिला रोजगार कार्यालय नीमच एवं शासकीय आई.टी.आई. नीमच द्वारा मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 19 नवम्बसर 2024 को प्रात: 10:00 से शासकीय आई.टी.आई. नीमच में किया जा रहा है, जिसमें प्रतिष्ठित कंपनी में अच्छे वेतन से रोजगार अवसर प्राप्त किया जा सकता है। इस प्ले समेंट ड्राइव में गुजरात की कॉसमॉस मैनपॉवर प्राइवेट लिमिटेड में रिक्त 1200 पदों पर कक्षा 5वी और अधिकतम पास, 18 से 35 वर्ष, केवल पुरुष, आई.टी.आई. पास, (फिटर, एम.एम.वी., डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन) आयु सीमा 18 से 30 वर्ष, केवल पुरुष, 10वीं पास, 12वीं पास, आई.टी.आई. पास (कोई भी ट्रेड) आयु सीमा 18 से 26, केवल महिला, 10वीं पास और अधिक, आयु सीमा 18 से 26 वर्ष, केवल पुरुष की भर्ती की जावेगी। इस प्लेसमेंट ड्राइव में पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवार हिस्सा ले सकते हैं। इस प्लेसमेंट ड्राइव में विकलांग/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अभी कोई रिक्ति नहीं है। उम्मीदवार अपने साथ बायोडाटा की एक प्रति, एक पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ में लेकर आवे और प्ले्समेंट ड्राइव में भाग ले।


**NAME CHANGE**

I TAHER S/O KHUZEMA HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO TAHER RASHEED S/O KHUZEMA HENCEFORTH, I SHALL BE KNOWN AS TAHER RASHEED S/O KHUZEMA FOR ALL FUTURE PURPOSES.

ADDRESS :- WARD N 04 BOHRA MOHALLA SUWASRA 458888



**आवश्यकता है**

दैनिक गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार (मंदसौर निवासी ही सम्पर्क करें)

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648



**कार्यालय सामान्य वनमण्डलाधिकारी मंदसौर (म.प्र.)**

E-mail-dfotmsoru@mp.gov.in Ph-07422-255519

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 04/2024-25/तकनीकी/ मंदसौर दिनांक 08.11.2024

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखीत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर रिफरेन्स क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2024_MPFD _381061 | मंदसौर | Building work | लाईन क्वार्टर निर्माण कार्य गांधीसागर नम्बर 08 | First | रु.41.16 |
| 2 | 2024_MPFD _381062 | मंदसौर | Building work | लाईन क्वार्टर निर्माण कार्य गांधीसागर नम्बर 03 | First | रु.41.16 |
| | | | | Total | | रु.82.32 |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र ( mptenders.gov.in ) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 18.11.2024 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जाएगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

(EMD only RTGS/NEFT)

G-18894/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल, मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।

फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in